>

Title: Need to establish Inter Colleges in Barabanki parliamentary constituency in Uttar Pradesh under Multi-sectoral Development Programme for Minority Concentration Districts.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): मैं सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय जोकि मुस्लिम बाहुल्य तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े मेरे लोक सभा क्षेत्र बाराबंकी में शिक्षा हेतु इंटर कॉलेज खोलने के संबंध में है, की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा घोषित शैक्षणिक रूप से पिछड़े जनपदों में बाराबंकी जनपद भी एक है। मेरे द्वारा समय-समय पर बाराबंकी में शिक्षा के क्षेत्र में आयाम स्थापित किए जाने का अनुरोध किया जाता रहा है, लेकिन मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा मेरे प्रस्ताव पर अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। मैं सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि बाराबंकी के कुछ क्षेत्रों में स्थापित शिक्षा व्यवस्था बाढ़ की चपेट में आने से प्रतिवर्ष प्रभावित भी होती है।

मेरे द्वारा मल्टीसेक्टोरल डेवलपमेंट के तहत बाराबंकी के किन्तुर, सुबेहा, हसनपुर टांडा, लालपुर करोत, गणेशपुर, हैदरगढ़, बांसा, भयारा, इब्राहीमाबाद में इंटर कॉलेज खोलने का प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने बजट का अभाव बताते हुए कॉलेज खोलने से मना कर दिया। मेरे द्वारा पुनः प्रयास जारी रखने के बाद मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा केवल राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत कुछ स्कूलों को 12वीं तक विस्तारित करने का उपाय बताया गया, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है और इसके अंतर्गत भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है।